पश्चिम रेलवे

प्रधान कार्यालय
चर्चगेट,
मुम्बई -20

<u>पी.एस.सं.128/2015</u>
सं.ई (पी) 246/0 खंड VI

दिनांक 16.10.2015

सभी मंडल रेल प्रबंधक, मु.का.प्रबधंक और युनिट इंचार्ज
प्रति - महामत्री, वे.रे.म.सं.- मुम्बई सेंट्रल / वे.रे.ए.यू.- ग्रांट रोड

विषयः क्षेत्रीय रेलों/उत्पादन इकाइयों आदि के हिन्दी विभागों में कार्यरत अराजपत्रित कर्मचारियों की वार्षिक निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (APAR) भरने की प्रक्रिया निर्धारित करने के संबंध में।

रेलवे बोर्ड के दिनांक 29-09-2015 के पत्र सं. ई (एनजी) I-2015/सीआर/4 की प्रति सूचना मार्गदर्शन तथा आवश्यक कार्यवाही के लिए भेजी जाती है।

इसमें उल्लिखित रेलवे बोर्ड के दिनांक 16.10.2003 का पत्र संख्या हिन्दी 2002 /रा.भा. 1 /3/13 इस कार्यालय के दिनांक 15/28-01.2004 (पी.एस.सं. 11/2004) के अंतर्गत परिपत्रित किये गये थे।

कृपया पावदी दें।

संलग्नः यथोक्त,

(एस कडेमनी)
उप मुकाधि (अराज.)
कृते महाप्रबंधक (स्था.)

आर.बी.ई. सं. 117/2015

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. ई(एनजी)I-2015/सीआर/4 नई दिल्ली, दिनॉक 29.09.2015

महाप्रबंधक(कार्मिक),
सभी क्षेत्रीय रेलें एवं उत्पादन इकाइयॉं,
(मानक सूची के अनुसार).

विषयः- क्षेत्रीय रेलों/उत्पादन इकाइयों आदि के हिन्दी विभागों में कार्यरत अराजपत्रित कर्मचारियों की वार्षिक निष्पादन मूल्यॉंकन रिपोर्ट (APAR) भरने की प्रक्रिया निर्धारित करने के संबंध में।

जैसा कि रेलों को विदित है, रेलवे बोर्ड के वेतन आयोग निदेशालय द्वारा जारी दिनॉक 13.09.2012 के पत्र सं. पी.सी.-VI/2008/I/5/2 के तहत रेलों पर राजभाषा सहायक ग्रेड-II का ग्रेड वेतन पी बी-1 में 2800/- रुपए से बढ़ाकर पीबी-2 में 4200/- रुपए करके इसे राजभाषा सहायक ग्रेड-I के साथ मर्ज किया गया है तथा मर्ज किए गए ग्रेड में इस पद को कनिष्ठ अनुवादक के रूप में पदनामित किया गया है। साथ ही पी बी-II ग्रेड वेतन 4600/-रुपए में राजभाषा अधीक्षक के मौजूदा पद को वर्तमान ग्रेड वेतन में वरिष्ठ अनुवादक के रूप में पदनामित किया गया है।

2. उपरोक्त ग्रेड वेतन के पदों के मर्ज होने के कारण कुछ रेलों पर वार्षिक निष्पादन मूल्यॉंकन रिपोर्ट (APAR) भरने में प्रक्रियात्मक कठिनाई महसूस हो रही है। मामले पर तदनुसार विचार किया, बोर्ड के दिनॉक 16.10.2003 के पत्र सं. हिन्दी 2002/रा.भा.-1/3/13 के पैरा 2(iii) और 2(iv) में दी गई रेलों/उत्पादन इकाइयों आदि के हिन्दी विभाग में कार्यरत अराजपत्रित कर्मचारियों की वार्षिक निष्पादन मूल्यॉंकन रिपोर्ट (APAR) भरने की प्रक्रिया में आंशिक संशोधन करते हुए, राजभाषा निदेशालय से परामर्श करके यह विनिश्चय किया गया है कि पी बी-2 ग्रेड वेतन 4200/- रूपए में कार्यरत कनिष्ठ अनुवादकों के मामलों में वार्षिक निष्पादन मूल्यॉंकन रिपोर्ट (APAR) वरिष्ठ अनुवादक पी बी- 2 ग्रेड वेतन 4600/- रुपए द्वारा लिखी जाए तथा वरिष्ठ अनुवादक से अगला उच्च अधिकारी, जिसके अधीन वह कार्य करता है, पुनरीक्षण अधिकारी होगा तथा पी बी- 2 ग्रेड वेतन 4600/- रुपए में कार्यरत वरिष्ठ अनुवादकों की वार्षिक निष्पादन मूल्यॉंकन रिपोर्ट (APAR) उस राजपत्रित अधिकारी जिसके अधीन वह कर्मचारी कार्यरत है द्वारा लिखी जाएगी तथा उससे उच्च अधिकारी जिसे वह रिपोर्ट करता है, पुनरीक्षण अधिकारी (Reviewing Authority) होगा।

3. जिन कार्यालयों जैसे रेल भर्ती बोर्ड, रेल दावा अधिकरण तथा मंडलेतर कार्यालय आदि में अनुवादक का एक-एक पद ही है, वहाँ कार्यरत वरिष्ठ/कनिष्ठ अनुवादक की वार्षिक निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (APAR) उस राजपत्रित अधिकारी (Reporting Authority) द्वारा लिखी जाएगी जिसके सीधे नियंत्रण में इन संगठनों में कार्यरत अनुवादक काम करता है तथा उससे उच्च अधिकारी, जिसे वह रिपोर्ट करता है, पुनरीक्षण अधिकारी (Reviewing Authority) होगा। कनिष्ठ और वरिष्ठ अनुवादकों की वार्षिक निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट लिखने से संबंधित अन्य निबंधन एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

कृपया पावती दें।

(महेश कुमार मीना)
उप निदे.स्था.(अराज.)
रेलवे बोर्ड